गुलझारीलाल नांगलिया चै.ट्रस्ट द्धारा शीतल जल मन्दिर निर्माण

माई झुं. न्यूज। गुलझारीलाल नांगलिया चै.ट्रस्ट द्धारा अन्धेरी पोलीस स्टेशन अन्धेरी पूर्व मे श्रीमती भगवतीदेवी गुलझारीलाल नांगलिया की पावन स्मृती मे शीतल जल मन्दिर का निर्माण करवाया गया जिसका उद्धाटन नांगलिया परिवार के वरिष्ठ सदस्य गौरीशंकर नांगलिया एंव रामगोपाल नांगलिया ने किया। वरिष्ठ पोलीस निरिक्षक शीवाजी देसमुख, जनसम्पर्क अधिकारी अशोक जाधव, फडतेर, मांजरेकर, राणे, गायकवाड सहित अन्धेरी पोलीस स्टेशन के सभी अधिकारीयो का पूर्ण सहयोग मिला।

समारोह का संचालन अतुल जैन ने किया तथा गुलझारीलाल नांगलिया चै.ट्रस्ट के मैनेजींग ट्रस्टी राजेन्द्र नागंलिया ने सभी का स्वागत सम्मान एंव आभार प्रदर्शित किया।

झारोड़ा गोलीकांड को लेकर अग्रबंधु कलेक्टर एसपी से मिले

फोटो : रामनिवास सोनी

झुंझुनूं, 25 जनवरी : जिला मुख्यालय पर अग्रवाल समाज के विभिन्न संस्थाओं से जुड़े अग्र बंधुओं ने गत 20 जनवरी को जिले के ग्राम झारोड़ा तहसील बुहाना में हुए गोली कांड को लेकर अग्रवाल समाज के लगभग 20 लोगों ने सोमवार को जिला कलक्टर आलोक गुप्ता एंव जिला पुलिस अधीक्षक अजयपाल लाम्बा को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार की। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस गोली काण्ड में रामस्वरूप महाजन के पुत्र बाबुलाल के पैर के घुटने के पास तीन अज्ञात लुटेरों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इस घटना को लेकर अग्रबंधुओं ने घायल के पिता रामस्वरूप महाजन के साथ न्याय की गुहार की। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि मोबाइल रिकॉर्ड के मुताबिक हमलावरों का सुराग मिल चुका है। शीघ्र ही इस मामले में गिरफ्तारी कर ली जायेगी। ज्ञापन देने वालों में ताराचन्द गुप्ता, गिलूराम मोदी, नरोतम जालान, प्रमोद कुमार खण्डेलिया, श्यामसुन्दर पोद्दार, नवरंगलाल राणासरिया, सम्पत चुड़ेलावाला, विश्वनाथ टीबड़ा, रोहिताश बंसल सहित झारोड़ा के रामस्वरूप महाजन एंव अन्य अग्रबन्धु उपस्थित थे।

फरवरी सन् 2010 के व्रत पर्वोत्सव

माई झु.न्यूज। एक फरवरी फाल्गुन कृष्णा तृतीया सोमवार से प्रारम्भ हो रहा है। यहां फागुन कृष्णा दूज का क्षय हो गया है। 2 फरवरी मंगलवार को श्री गणेश चतुर्थी मासिक व्रत है जो महिलाओं के सौभाग्य दायक है। 3 फरवरी को मध्याह्नोपरांत 16/33 पर शुक्र पश्चित में उदित हो जाएगा यद्यपि 20^0 अक्षांस पर यह 4 फरवरी को उदित होगा। इसी शुक्रोदय के साथ ही वैवाहिक मंगलमार्ग प्रारम्भ होकर 16 फरवरी तक विवाहादि एवं 17 फरवरी तक गृह प्रवेशादि सामान्य के मुर्हत रहेंगे। पश्चात 18 फरवरी 2010 को गुरु पश्चिम में अस्त हो जाएगा जो 20 मार्च 2010 को पूर्व में उदित होगा। अत: गुर्वस्त काल में विवाहादि मांगलिक कार्य स्थगित रहेंगे। 9 फरवरी मंगलवार को विजया एकादशी है। भगवान राम ने लंका विजय के लिये यह व्रत किया था।

फरवरी माह में मुख्य एवं महत्त्वपूर्ण महाशिवरात्रि महोत्सव है जो 12 फरवरी शुक्रवार को आएगा। इसी दिन कुंभ संक्रांति होगी जिसका रात्रि में संक्रमण होने से पुण्यकाल 13 फरवरी को मध्यान्ह तक रहेगा। यह 30 मुहूर्ती होने से मंहगाई से त्रस्त जनजीवन को कुछ राहत देगी। अस्तु हम शिव रात्रि पर कुछ विमर्श करते है। श्री पार्वतीजी की जिज्ञासा पर भगवान शिवजी ने बताया कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी शिवरात्रि कहलाती है जो इस दिन उपास करता है वह मुझे प्रसन्न कर लेता है। मैं अभिषेक, वस्त्र धूप अर्चन तथा पुष्पादि सम्पर्ण से उतना प्रसन्न नहीं होता जितना कि व्रतोपवास से। ईशान संहिता में कहा है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि को आदिदेव भगवान श्री शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभावाले लिंग रूप में प्रकट हुए। फाल्गुन कृष्णा चतुर्दश्यामादिदेवो महानिशि। शिव लिंग तयोद्भूत: कोअि सूर्य समप्रभ:।।

शिवरात्रि में चार प्रहार में चार पूजा का विधान है। इसमें शिवजी को पञ्चामृत से स्नान कराकर चन्दन, पुष्प, अक्षत वसदि से श्रृंगार कर आरती करनी चाहिये। रात्रिभर जागरण कर तथा पञ्चाक्षर-मंत्र का जप करना चाहिये। ईशान संहिता में कहा गया है कि जब ब्रह्मा विष्णु भी उस ज्योतिर्मय लिंग का आदि व अन्त नहीं जान कसे उस निष्फल निराकार ब्रह्म स्वरूप लिंग की पूजा अर्चना की। तभी से फाल्गुन कृष्णा चतुर्दशी से निरन्तर शिव पूजा चली आ रही है। शिव और श्री ब्रह्माजी ने कहा महाराज जब हम दोनों लिंग के आदि अन्त का पता न लगा सके तो आगे मानव आपकी पूजा कैसे करेगा? इस पर कृपालु शिव द्वादश ज्योतिर्लिंग में विभक्त हो गये। महाशिवरात्रि का यही रहस्य है। 12 फरवरी शुक्रवार को ही हरिद्वार में पहला शाही स्नान होगा क्योंकि इसी दिन सूर्य कुंभ राशि में संक्रमण करेंगे। 13 फरवरी को शनैश्चरी अमावस्या है एवं 14 फरवरी को भी प्रात: 8 बजकर 21 मिनट तक अमावस्या है। इसी के साथ फागुन कृष्णपक्षका समापन होगा। 22 फरवरी से 28 फरवरी तक होलाष्टक रहेंगे इस अवधि में मांगलिक कार्य स्थगित रहेंगे वैसे भी 18 फरवरी से 20 मार्च तक गुर्वस्त होने से मांगलिक कार्य नहीं होंगे। 25 फरवरी गुरुवार को अमालकी (आमला) एकादशी व्रत (सबका) है। इसदिन आँवले के समीप बैठकर भगवान नारायण कीक पूजा करनी चाहिए।

28 फरवरी रविवार को फाल्गुनी पूर्णिमा है। इस दिन सायंकाल के समय भगवान को हिंडोले में विराजमान कर आन्दोलित करे (उनका उसी में पूजन करें एवं हिंडोले को हिलाये) और नीराजन करके यथास्थान विराजमान करके एक मुक्त भोजन करे। इसी दिन चन्द्रमा प्रकट हुआ था अत: चन्द्रोय होने पर चन्द्र पूजन करे।

होलिकादहन प्रदोषकाल में है। प्रतिपदा, चतुर्दशी भद्रा और दिन इनमें होली जलाना सर्वथा त्याज्य है। इस दिन भ्रदा मध्यान्ह 12 बजे तक है। अत: 12 बजे बाद जेलपोणी आदि कार्य कर सकते हैं। इसी प्रकार आमसकी एकादशी 25 फरवरी को भी भद्रा 12 बजे मध्यान्ह तक है। अत: ढाल आदि थापने का कार्य भी 12 बजे बाद सम्पन्न करें। होली का उत्सव रहस्यमय है। इसमें होली, ढुढा, प्रहलाद और स्मरण शांति तो हैं ही इनके सिवा इस दिन नवान्नेष्टि यज्ञ भी सम्पन्न होता है। इस प्रकार से फरवरी माह में व्रतोत्सवों का विचार विमर्श सम्पूर्ण हुआ। शुभम्।

पंडित महावीर प्रसाद पारीक,
शास्त्री एम ए, संस्कृत, बीदासर-
बिसाऊ मोबाईल- 9460513758

झुन्झुनू इंटरनेशनल स्कूल में बंसत उत्सव

माई झुं. न्यूज। जीवेम समूह की **झुन्झुनूंइंटरनेशनल स्कूल** में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ बंसत उत्सव मनाया। मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यापिका पियंका व दीक्षा शर्मा ने सरस्वती वंदना तथा अमिता गौड़ ने शास्त्रीय ढंग से मां शारदे की वंदना की। गोरवर्धन सैनी ने बंसत पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य सुनीता मिश्रा व उपप्रधानाचार्य सोमेश भारद्वाज ने सभी को बधाई दी। **झुंझुनूं एकेडमी में** बसन्त पंचमी पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। चैयरमैन दिलीप मोदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।

केडिया की स्मृति में उनके पुत्र रतन केडिया ने बांटे कम्बल

माई झुं.16 जनवरी। जिला मुख्यालय के निकटवीं ग्राम बींजूसर में उद्योगपति एवं समाजसेवी स्व. रामनारायण केडिया की स्मृति में उलके पुत्र रतन केडिया के आर्थिक सहयोग से गांव के गरीब एवं निर्धन जरूरतमंद लोगों को कम्बले बांटी। कम्बले बांटने का उद्देश्य सर्दी के मौसम से पीड़ित लोगों को राहत पहुंचाना था।

इस अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया गया। जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुन्दर पौद्दार ने बताया कि रतन केडिया हैदराबाद से अपनी जन्मभूमि में आए हुए है। केडिया ने मीडिया को बताया कि हैदराबाद में महामहिम राष्ट्रपति प्रतिभा पाटील को बींजूसर आने का निमत्रंण दिया है। श्रीमती पाटील ने जूलाई या फिर अगस्त में जिले का दौरा करेंगी। इसकी तैयारी के लिए केडियां बींजूसर आए हुए है। जानकारी के अनुसार श्री केडिया महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान में रविवार को दोपहर तीन बजे आयोजित बैठक में भी भाग लेंगे।

नई औद्योगिक नीति आगामी मार्च से पहले लागू करने का प्रयास -उद्योग मंत्री

जयपुर, 9 जनवरी। उद्योग मंत्री श्री राजेन्द्र पारीक ने अनिवासी भारतीय विशेषकर अप्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया है कि वे राजस्थान के साथ अपने भावानात्मक एवं साँस्कृतिक सम्बन्धों को दृढ़ बनाते हुए ब्रांड एम्बेसेडर बने और प्रदेश में आकर निवेश करें।

श्री पारीक ने बताया कि राजस्थान की नई औद्योगिक नीति विशेषकर 'सिंगल विण्डो सिस्टम' को कानूनी जामा पहचाने का काम शीघ्र ही पूरा किया जायेगा और इस सम्बंध में आगामी मार्च से पहले अधिनियम बनने की आशा है। श्री पारीक शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन एनेक्सी में आठवें प्रवासी भारतीय दिवस के अन्तर्गत राजस्थान पर आयोजित विशेष चर्चा सत्र में विभिन्न देशों और प्रांतों से आये प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर राजस्थान फाउण्डेशन और व्यापार संवर्द्धन ब्यूरो (बीप) के आयुक्त श्री पुरूषोत्तम अग्रवाल, राजस्थान औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको) के प्रबंध निदेशक श्री राजेंद्र भाणावत, राजस्थान पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्री विनोद अजमेरा और भारतीय उद्योग परिसंध के श्री किशोर खैतान ने राजस्थान की खूबियों की चर्चा करते हुए बताया कि राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से तो विश्व मानचित्र पर अपनी बुलन्दियों का परचम फहरा ही रहा है, लेकिन राजस्थान केवल पर्यटन का प्रदेश अथवा धार्मिक स्थलों एवं ऐतिहासिक स्मारकों का ही प्रदेश नहीं है, बल्कि राजस्थान ने बदलकर विकास की दृष्टि से जबर्दस्त रफ्तार पकड ली है।

घटते शिशु लिंगानुपात पर भागीदारों की जवाबदेही विषयक कार्यशाला

माई झुं. 13 जन. । जायका रेस्टोरेंट में शिक्षित रोजगार केन्द्र प्रबंधक समिति, पीसीपीएनडीटी सैल, सिफार दिल्ली एवं टाटा एज्युकेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुई जेंडर भेदभाव व घटते शिशु लिंगानुपात पर भागीदारों की जवाबदेही विषयक कार्यशाला में कार्यशाला के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आरबीसिंह ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए सामाजिक चेतना की आवश्यकता है। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रतापसिंह दूतड़ ने कहा कि घटते लिंगानुपात की यही रफ्तार रही तो आने वाले समय में समाज को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। डप्टी सीएमएचओ डा. विद्यासागर ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नही है।

कार्यशाला के संयोजक एवं शिक्षित रोजगार केन्द्र प्रबंधक समिति के सचिव राजन चौधरी ने कहा कि महिलाएं कोख में बच्चियों का कत्ल कर रही है। कार्यशाला में सिफार के परवेज रिजवान, जनाना अस्पताल की चिकित्सा अधिकारी डा. सरजूदेवी, नवलगढ़ की डा. मिनाक्षी जांगिड़, समग्र विकास संस्थान के सचिव निरंजन सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग के अलसीसर सीडीपीओ हनुमानसिंह, पीसीपीएनडीटी सैल के समन्वयक नंदलाल पूनिया, सलाहकार समिति सदस्य येशुसिंह कुल्हार एवं मीडिया प्रतिनिधियों एवं अनेक वक्ताओं ने कन्या भ्रूण हत्या, घटते लिंगानुपात, महिलाओं की स्थिति पर विचार व्यक्त कर घटते लिंगानुपात को रोकने के लिए प्रशासनिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को सक्रिय होकर सामूहिक प्रयास करने के सुझाव दिए।

बाजार बंद रहे सूर्यग्रहण के समय

माई झुं. 15 जनवरी। सदी के सबसे लम्बे चले खण्ड ग्रास सूर्य ग्रहण के समय जिले भर के व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। जिला मुख्यालय का कपड़ा बाजार, नेहरू मार्केट, गांधी चौक, गुढ़ा मोड़, सब्जी मंडी, छावनी बाजार एवं बगड़, मंड्रेला सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में भी सूर्य ग्रहण का असर देखा गया। मंदिरों में लोगों ने धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर बिताया। इस दौरान व्यापारियों ने गरीबो को कंबल, स्वेटर, भोजन के पैकेट आदि वितरण किया। ज्योतिषों व विद्वान पंडितों ने बताया कि यह सदी का सबसे बड़ा कंगन सूर्य ग्रहण हिन्द महासागर एवं दक्षिण भारतीय क्षेत्र में लंबी अवधि तक दिखाई दिया। शेखावाटी में दोपहर को चालीस प्रतिशत सूर्य का हिस्सा ग्रहण की चपेट में रहा। दोहपर साढ़े तीन बजे बाद धार्मिक प्रवृतियों के लोगों ने स्नान व पूजा अर्चना कर कामकाज प्रारंभ किया। पंडितों ने मंदिरों के पट पूजा अर्चना के बाद खोले।

निरंजन तुलस्यान चैन्नई के आर्थिक सहयोग से रोटरी क्लब ने बांटी कम्बले

माई झुं. 16 जनवरी। रोटरी क्लब झुंझुनूं सिटी के सदस्यों ने निरंजन तुलस्यान चैन्नई के आर्थिक सहयोग से शहर के गरीब एवं जरूरतमंद लोगो को सौ कम्बलें बांटी गई। क्लब अध्यक्ष डॉ. एसएन शुक्ला ने बताया कि क्लब द्वारा हर वर्ष जरूरतमंद एवं गरीब तबके के लोगों को रजाई एवं कम्बलें बांटी जाती है।

आगे भी क्लब ऐसी गतिविधियों को बढ़ाने के प्रयास करता रहेगा। इस दौरान देखा गया कि गरीब तबके के लोगों ने इस बार सर्दी का असर ज्यादा होने के कारण क्लब द्वारा मिली कम्बले औढ़कर खूशी जताई। कम्बल वितरण समारोह में सुरेश पंसारी, रमेश अग्रवाल, डॉ. जितेन्द्र स्वामी, अशोक सोनी, वैद्य कृष्ण कुमार, जितेन्द्र शर्मा, रामगोपाल सोनी आदि क्लब सदस्य उपस्थित थे।

विज्डम सिटी छात्रावास में किया नववर्ष का स्वागत

माई झु. 1 जनवरी। झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी स्थित जीवेम छात्रावास में नववर्ष की पूर्व संध्या पर छात्रावास का छठवां रैन्बो सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया। इस अद्भुत कार्यक्रम की शोभा बढाने वाले सीनियर वार्डन सुरेन्द्र सिंह ओला सह साथी हरफूल सिंह व दिनेश चौधरी थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध गीतों की धूनों पर थिरकते हुए नववर्ष का उत्साह व उमंग के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजनकर्ता पी.एल. कुमावत ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप चौधरी व वासुदेव सैनी ने किया।

माई झुं.न्यूज। दुर्गा देवी सर्राफ जूनियर कॉलेज का 35वां वार्षिकोत्सव समारोह भाईदास सभागृह विलेपार्ले पश्चिम मुम्बई में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के मुख्य दानदाता महावीर प्रसाद घ. सर्राफ ने अति उत्तम विद्यार्थी को ट्रॉफिया अवार्ड व नकद राशि प्रदान की। चित्र में वाईस ऑफ सर्राफ ट्रॉफी देते हुए महावीर प्रसाद घ. सर्राफ एवं बाये से अशोक सर्राफ, नन्दलाल पाठक, कैलाश केजड़ीवाल व डॉ. नरेश सर्राफ

राजस्थान पत्रिका और इनोवेशन इंस्टीट्यूट की ओर से प्रतिभा खोज परीक्षा-2010

माई झुं.न्यूज। उत्साह से लबरेज चेहरे। न प्रश्नों की टेंशन और न ही परीक्षा की। लक्ष्य था तो केवल कसौटी पर खरा उतरने का। कोशिश यह जानने की कि हम कितने पानी में हैं और अब प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को क्या दिशा देनी है? राजस्थान पत्रिका और इनोवेशन इंस्टीट्यूट की ओर से रविवार को दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा-२०१० में कुछ ऐसा ही माहौल रहा। शेखावाटी में दस विद्यालयों में आयोजित परीक्षा में २,६ २९ छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इनमें सीकर के १३०५, झुंझुनूं के ९२१ और चूरू के ४०३ विद्यार्थी शामिल हुए। जिले के चारों केन्द्रों पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के ९२१ विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इन केन्द्रों पर ९६३ विद्यार्थियों का पंजीयन था। इसमें ४२ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। झुंझुनूं के न्यू इंडियन पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल परीक्षा केन्द्र पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओ के २७५ विद्यार्थी सम्मिलित हुए। संस्था प्रधानाचार्य महावीरसिंह कडवासरा ने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर २९४ विद्यार्थियों का नामांकन था। इसमें से २७५ विद्यार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए तथा १९ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए १२ कमरों में बैठने की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए १४ शिक्षकों को परीक्षा में लगाया गया था। परीक्षा के प्रति विद्यार्थियों में खासा उत्साह था। आलम यह था कि तीन बजे से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए वे १२ बजे ही आना शुरू हो गए थे तथा परीक्षा केन्द्र के बाहर बैठकर तैयारी में लगे रहे।

तेज मिसाइल पिलानी के निकट बनाई जाएगी

माई झुं.न्यूज। दुनिया की सबसे तेज मिसाइल ब्रह्मोस अब पिलानी के निकट बनाई जाएगी। अब तक इसे हैदराबाद में असेम्बल किया जा रहा है। राज्य सरकार ने इसके लिए ८० हैक्टेयर भूमि का आवंटन किया है। मुख्यमंत्री निवास पर शुक्रवार को रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन के मुख्य नियंत्रक अनुसंधान डॉ. ए. शिवथाणु पिल्लई ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भेंट की और भूमि आवंटन के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।

पिल्लई ने प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इसमें २०० करोड़ रूपए का निवेश किया जाएगा।साथ ही१५० तकनीकी विशेषज्ञों की नियुक्ति भी की जाएगी, जिसमें राजस्थान के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।